

1200th Issue of Diamond Comics
Diamond Comics
D - 1200
Rs. 10.00
प्राण
चाचा चौधरी
राका का जवाब
FREE
With this issue
Coca-Cola
COMMANDO GAME
ONE
Today's
PEN
KORES
Art Material
Book Mark
Free!
'Star Quest India'
Film Star Collector Card
with
this issue
This issue is sponsored by
BSA KIDS BIKE

चाचा चौधरी
राका का जवाब
प्राण।
इस बार शहर के बीचोंबीच जा रही है.
यहां अच्छे आभूषणों की दुकान कहां है?
आगे बाएं तरफ जाने से डायमंड ज्वेलर्स पुराने और मशहूर व्यापारी हैं.

ड्राइवर! यहां गाड़ी रोकना.
JEWELLERS
सर! हम आपकी क्या सेवा कर सकती हैं?
मुझे मालिक के पास ले चलो.
आइए! आपको यहां सोने, मोती और हीरे के जेवरों के उत्कृष्ट डिजाइन मिलेंगे.
सेठजी! मुझे बड़ी मात्रा में ज्वेलरी चाहिए.
अच्छा! तो आप के घर शादी है?
नहीं! मैं पेरिस की एक बड़ी फर्म का प्रतिनिधि हूं. हमें सौ करोड़ रुपए की ज्वेलरी इम्पोर्ट करनी है.
सौ करोड़??

Visit our Website www.prancomics.com
© PRAN'S FEATURES

सेठ कास! इस बेल्ट को पहनो!
बंदी सवाल नहीं करते.
व-क्यों?
पहन ली.
गुड! इस बेल्ट में जो डिब्बी लगी है, उसमें बम है, जिसका रिमोट कंट्रोल मेरे हाथ में है. तुम्हें हमारे साथ चलना है.
सेठ कास को लेकर कार आगे जाएगी, पीछे हम रहेंगे.
काफ़िला एक सुनसान जगह पर पहुंचता है.
अंदर चलो!
मिसेज कास! तुम्हारा पति हमारे कब्जे में है. आज अगर पच्चीस करोड़ रुपया हमारे पास नहीं पहुंचा तो कल तुम्हें सेठ की लाश मिलेगी.

चाचा चौधरी! मैं मुसीबत में हूं. काफ़ाल नाम के एक व्यक्ति ने मेरे पति का अपहरण कर लिया है और पच्चीस करोड़ की फिरौती मांगी है. पुलिस को बताने पर वह बंदी को मार देगा.
बहन! मैं तुम्हें आश्वासन देता हूं कि तुम्हारा पति सहीसलामत लौटेगा.
साबू! आओ!
हमारे पास वक्त कम है. वहां जल्दी पहुंचना है.

हो! हो!... तुम सब दूर चले जाओ! ट्रक को अकेला छोड़ दो!
काज़ाल! सेठ कास को आज़ाद कर दो. पच्चीस करोड़ रुपए इन बक्सों में हैं. गिन लो!
गिरगिट! शर्तें सख्त हैं? मैं तुम्हारी हड्डियों का चूर्ण बना दूंगा.
साबू जैसा वह कहता है, वैसा करो. बूढ़े की बेल्ट पर बम है जिसका रिमोट काज़ाल के पास है.
पैसा हथियाना कितना आसान है, बक्स खोलकर करारी नोटों को देखूं?
छलांग!
बाऊ!
ओहह!

रिमोट हमारा कुत्ता राकेट ले आया. तुम हार गए!
अभी नहीं!
गोलियों से भून डालो सबको!
चहो!
आऊऊ!
यह गई बम-बैल्ट!

मैं अब भी तुम्हें जहन्नुम में भेज सकता हूं.
धड़ाक!
निशाना ठीक बैठा.
हमें कहां ले जा रहे हो?
पुलिस हैडक्वार्टर्स. कुछ दिन बड़े घर को आबाद करो.
कुछ दिन बाद.
चाय!
बीजी! चाय में चीनी क्यों डालती हो? तुम्हारा हाथ लगते ही वह मीठी हो जाती है.
मस्का लगाना तो कोई चाचा से सीखे.

ओहहह! मेरा सोफा हिल रहा है.
कहीं बीनी डांस तो नहीं कर रही!
मैं बैठी हूं और मेरा बैड भी हिल रहा है.
यह भूचाल है!
भागो!
और समुद्र में..
कैप्टन! मौसम खराब होता जा रहा है.

और फिर समुद्री तूफान.
ओहहह! जहाज ताश के पत्ते की तरह लहरों के आगे बेबस है.
समुद्र की हलचल से शाका का शीशे का ताबूत ऊपर को आता है.
और एक ऊंची लहर उसे तट की ओर उछाल देती है.
कड़ाक्क!
जमीन छूते ही ताबूत टूट जाता है.
आहह! एक मुद्दत के बाद ताजा हवा में सांस ली.
© PRAN'S FEATURES

दुनिया वालो! मैं राका, तुम पर राज्य करने के लिया आ गया.
मुझे भूख लगी है. सबसे पहले खाने का इंतजाम करना चाहिए.
आज का तूफान बड़ा तीव्र था.
हां, दमयंती! लगता है वह अब रुक गया है.
हां! बाहर आकर देखो. आसमान शांत है.
तभी.
ओहह! कौन?

मेरे पति को छोड़ दो. तुम्हें जो चाहिए वह हम देंगे.
मुझे भरपेट खाना चाहिए.
क्या और लाएं?
चुपचाप खड़े रहो.
Visit our Website:www.prancomics.com
गटक्का!

अंदर भागो!
वह निर्दयी है.
मैंने दरवाजा और खिड़की बंद कर दिए हैं.
यहां हम सुरक्षित हैं.
यह आग उनके घर को जला देगी.
आग!
हम घिर गए. बाहर भागो!
बचाओ!

बेचारे दोनों मर गए. घर खत्म हो गया.
मुझे अब आगे बढ़ना चाहिए.
वह गंवार सड़क के बीचोंबीच जा रहा है.
मुझे टक्कर मारकर गिरा दिया?
© FRAN'S FEATURES

BOOKS
वह कार फरार होना चाहती है. उसे बदतमीजी की सजा मिलेगी.
यह भारी पत्थर काम आएगा.
धडडड!
वह कार अब हमेशा के लिए चल नहीं सकेगी.
और वह लपटों में समा जाता है.
लोग नहीं जानते कि राका का गुस्सा तूफान से ज्यादा भयंकर है.
CocaC
HOTE

रूक्का! उस आदमी की क्या सेहत है.
लाजिया! ऐसे आदमी बाशा को पसंद आते हैं.
क्यों? क्या हमारे चीफ़ बाशा के पास चलोगे? मालामाल हो जाओगे.
कहां है वह?
उस ट्रक में बैठो!
अगर इसने हमारे साथ काम करना मंजूर कर लिया तो हम सबका फायदा होगा.
चीफ बाशा.
सचमुच तुम वैसे हो जिसकी हमें तलाश थी, हम तुम्हें सबकुछ देंगे क्या नाम है तुम्हारा?
राका! काम बोलो!

समुद्री रास्ते से एक जहाज शहंशाह हीरे स्मगल करके ला रहा है. तुम्हारा काम है वह माल लेकर कस्टम्स अधिकारियों से पार निकालना और उसे हमारे पास लाना.
मेरा हिस्सा कितना होगा?
तुम्हारा मेहनताना दस करोड़ रुपए.
मंजूर है.
अंदर जाओ, मैले कपड़े उतारो और नए पहनो.
आइए! हर तरह के कपड़े आपको यहां मिलेंगे.
कुछ देर बाद...
वाहह! अब तुम आदमी लगते हो.
लाजियो! राका को तट तक पहुंचा आओ.

खुशनसीब हो. इतने पैसे मिलेंगे कि सारी उम्र चैन से गुजारोगे.
आगे समुद्र आ गया है. उतरने की तैयारी करो.
क्या तुम्हारे आदमी कीमती हीरे मुझे दे देंगे?
तुम उनको कोडवर्ड बोलना-सितारा. वे तुमको माल दे देंगे. भूलना नहीं.
Visit our Website www.prancomics.com
चलो! समुद्र की सैर की जाए.

और दूर जाना होगा.
हां, वह, वही जहाज है, शहंशाह, जिसका बाशा ने जिक्र किया था.
SHA
दूर रहो वर्ना..
मुझे बाशा ने माल लेने भेजा है.
SHAHENSHAH
तो ऊपर आ जाओ!
उन्होंने मेरा विश्वास कर लिया.
यह रहे करोड़ों रुपए के हीरे. यह चीफ बाशा को देने हैं.

सर! हीरे सौंपने से पहले उससे कोडवर्ड तो पूछ लो, ताकि उसके असली होने का यकीन हो जाए.
ठीक है.
कोडवर्ड बोलो!
वह मैं भूल गया. वह ऐसा शब्द था जो आसमान में होता है... चांद!
गलत!
सूरज?... बादल?...
गलत!
SHAHENSHAH
यह बहरूपिया है जो हमें ठगने आया है! मारो इसे!

अजीब बात है? हमने सारी गोलियाँ उसके जिस्म में उंडेल दीं. फिर भी वह मरा नहीं?
क्योंकि मैंने चक्रमाचार्य की अद्भुत दवाई पी रखी है. राका मर नहीं सकता.
वह हीरों का बक्स इधर दो.
यह शब्द राका के शब्दकोश में नहीं है.
अर र रहम!
जाओ! पानी तुम्हारी कब्र बनेगा.

मैं इस जहाज की कमांड लेता हूं. इसको तट की तरफ ले चलो.
यस, सर!
जहाज फिर रवाना हो जाता है.
ठंडी हवा अच्छी लग रही है.
SHANE KSHAH
तट आ गया.
मुझे बाशा के पास जाना चाहिए.
रुको! इस तरफ से स्मगलिंग बहुत होती है. हमें तुम्हारी तलाशी लेनी होगी.

हो! हो!! राका की तलाशी लेने वाला अभी तक पैदा नहीं हुआ.
फिल्मी डायलाग छोड़ो और सीधे उस कमरे में जाकर कपड़े उतारो!
कछुए! यह कहने की तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई?
आफिसर को छोड़ दो, वर्ना गोली चलानी पड़ेगी.
धांय!
धांय!!
© PRAN'S FEATURES

अब मेरी बारी है.
आऊ,ऊ!
तुम भी
मुझे पता था कि तुम कस्टम वालों से निकल आओगे. चीफ बाशा ने तुम्हारे लिए ट्रक भेजा है.
चलो, चलते हैं.
मैं वहां 'कोडवर्ड' भूल गया था.
इसका मतलब है कि तुम हीरे लेकर नहीं आए? चीफ नाकामयाबी पसंद नहीं करता.

राका कभी नाकामयाब नहीं हुआ. आओ, अंदर चलते हैं.
बाशा! यह रहे तुम्हारे डायमंड!
यह करोड़ों के हैं!
मेरा हिस्सा?
सब्र करो! देते हैं.
यह रहा तुम्हारा इनाम! इस फायर से हाथी भी नहीं बच पाया.
धांयय!

तुम फायर कर चुके? अब मेरी बारी है.
नहीं!! मैं तुम्हें सारे डायमंड दे दूंगा.
कहते हैं दुश्मन पर रहम करना मूर्खता है.
जाओ!
आईईई!
तुम बोलो?
हमें बख्श दो. हम तुम्हें अपना सरदार स्वीकार करते हैं.
मैं इस देश का डिक्टेटर बनकर बिनारोक के राज्य करना चाहता हूं.
इसमें एक व्यक्ति, कलगी तुम्हारी मदद कर सकता है.
उसे मेरे सामने लाओ.

Visit our Website:www.prancomics.com

तबतक टी.वी. समाचार सुन लूं.
एक अज्ञात स्मगलर ने समुद्र तट पर बारह कस्टम आफिसरों की हत्या कर दी.
विचित्र बात यह देखने को यह मिली कि सीक्युरिटी गार्डों की गोलियों की बौछार के आगे भी वह स्मगलर मरा नहीं.
वह तो **राका** है!
लगता है कि वह खूंख्वार डाकू लौट आया है.
भिखारी आ गया है. तुम भी रोटी खाते जाओ.
नहीं, बीनी! अगर उस दरिन्दे को नहीं रोका गया तो कईयों की जानें खतरे में पड़ जाएगी.

डगडग! तेज चलो!
(विसल)
सर! ट्रक नं. ट्रिपल जीरो ओवर स्पीड जा रहा है.
CRIMES
यह नम्बर चाचा को स्पेशल अलाट किया गया है. जरूर कोई एमरजेन्सी होगी. रिलैक्स!
चाचाजी! राका का हम कैसे पता लगाएंगे?
वह डाकू है. जरूर कोई बैंक लूटने की योजना बना रहा है.
राका! कलगी आ गया है.
खूब!

मेरी इच्छा है कि मैं तानाशाह बनूं.
यह इरादा छोड़ दो. इतिहास गवाह है कि हिटलर, मुसोलिनी और दूसरे जिन्होंने ने यह सपना देखा वे सब मारे गए.
कलगी! मुझपर गोलियां चलाओ!
क्या? क्या??
जैसा कहता हूं वैसा करो!
अगर तुम ऐसा चाहते हो तो लो!
अचम्भा?
मैं मर नहीं सकता. इसलिए डिक्टेटर जरूर बनूंगा.
राका! उसके लिए हमें साथियों और पैसों की जरूरत होगी.
कलगी! तो हम बैंक लूट लेते हैं.
ठीक है.

जब राका तानाशाह बनेगा तो मुझे क्या बनाएगा?
TV
BOOKS
ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर!
BANK
आओ!
बैंक के अंदर हथियार ले जाना मना है.
ओह!
स्ट्रांगरूम की चाबियां!
?!!
MANAGER

© PRAN'S FEATURES

हू-हूबा!
धायँय!
मुझे तुमसे पुराना हिसाब चुकाना है.
ओह ह!
ट्रक को फुल स्पीड पर दौड़ाओ!

धड़ाक!
ओहह!
मैं उसे मार डालूंगा.
राका से दुश्मनी लेने का अंजाम होता है मौत !
धांय!
धांय!
धड़ाक!
इसका स्वाद चखो!
फटाक!

इंस्पेक्टर! इन्हें संभालो. बैंक को लूटकर भाग रहे थे.
POLICE
अंदर चलो!
राका खूंख्वार डाकू है. वह जेल से भागने की कोशिश करेगा.
चाचा चौधरी! हम सीक्युरिटी बढ़ा देते हैं.
CENTRAL JAIL
डिक्टेटर बनने चले थे. कहां आ गए?
यह लोग हमें ज्यादा देर तक बंद नहीं रख सकते. मुझे सोचने दो.

हमारी कोठरी के नीचे से पानी की कल-कल की आवाज आ रही है.
मतलब?
नीचे नदी बह रही है, अगर तुम पत्थर के दो-तीन ब्लाक निकाल सको तो हमारी आजादी का रास्ता बन जाएगा.
बलाक निकल आया.
मेरा अनुमान सच निकला.
कलगी! तुम्हारी तरकीब सफल रही.
छपाक

Visit our Website:www.prancomics.com

साबू! चलो! इससे पहले कि राका बर्बादी करे, हमें उसे ढूंढना है.
वह स्लैब उखाड़कर भागा है. राकेट राका की गंध ले रहा है.
हमें कुत्ते के पीछे जाना चाहिए.
वह डाकू को ढूंढ लेगा.
चाचाजी! कहीं हम भटक न जाएं?
नहीं! जानवर की सूंघने की शक्ति तेज होती है.

उधर.
हम वहां पहुंचेंगे जहां भारत की मिसाइल्स का भंडार है.
रुको! यह डिफेंस का सुरक्षित एरिया है.
अगर हम न रुकें तो?
मुझे गोली चलाने का आर्डर है.
शाट-टाट!
आऊऊ!
उससे पहले हम तुम्हें नरक पहुंचा देंगे.
घुसपैठिए को मार गिराओ!
राट-टाटटट!
हा! हो!!
अब मेरी बारी है!
धांय धांय!!

सब मर गए. आगे बढ़ो!
सामने देखो!
यह भारत की ध्वंसकारी मिसाइल्स हैं. जो ढाई हजार किलोमीटर्स से ज्यादा दूर तक मार करती हैं.
दोनों मुल्क एक दूसरे पर जंग छेड़ने का इल्जाम लगाएंगे.
जब चारों तरफ सर्वनाश होगा तो वह दृश्य देखने लायक होगा.
राकेट हमें डिफैंस एरिया की तरफ ले जा रहा है.

पाकिस्तान पर पहली मिसाइल मैं फायर करता हूं.
तभी..
छलांग!
मेरा हाथ!
मैं उस कुत्ते को मार गिराता हूं.
तुम युध नहीं कर सकत. तुम मेरी गिरफ्त में हो.
राका झटका देता है.
मैं गिरफ्त से निकलना जानता हूं.

यह गोलियां तुम्हें परलोक को पार्सल कर देंगी!
तुम्हें हथियार-रहित करना जरूरी है.
आऊऊऊ!
इस खंजर से तुम्हारे टुकड़े करके चील-कौओं को डाल दूंगा.
वह तब होगा जब तुम मेरी पकड़ से बच पाओगे.
कहो? मेरा दांव धोबी-पटका कैसा लगा?
ओहहह!
धड़ाममम!
© PRAN'S FEATURES

बहुत हो चुका. पहले मैं तुम्हें मारूंगा. फिर मिसाइल्स फायर करूंगा.
ऊपर धूमकेतू!
कहां?
यहां!
आऊ.ऊ.!
चाचा-चौधरी इसे हमारे हवाले कर दीजिए.
इसे ले जाइए.
मुझे नीचे उतारो!
राका का क्या करें?
यह सारी मानवजाति के लिए खतरा है. इसे ऐसी जगह पहुंचाना है जहां से यह वापस न आ सके.

राका को हम अंतरिक्ष और गहरे समुद्र में डाल चुके हैं. पर यह वापस आ गया था.
साबू! जरा सोचने दो.
हां!! क्यों न हम इसे पोखरन ले जाएं? वहां एटम बम परीक्षण हुआ था. उससे जमीन में गहरा करेटर बन गया होगा. इसे उसमें डाल देना चाहिए.
डगडग! पोखरन चलो!
रुको! यह प्रोटेक्टेड एरिया है.
आफिसर! हम डिफेंस मिनिस्टर की इजाज़त लेकर आए हैं.

मिट्टी हटाने से गहरा गड्ढा निकल आएगा.
मुझे छोड़ दो!.. मुझे छोड़..
उसे उस क्रेटर में डाल दो.
अ आ ई ईईई..
मिट्टी पाट दी जाती है. फूल-पौधे उग आते हैं.
लोग राका के आतंक से राहत लेंगे.